

नवभारत
इंदौर, शुक्रवार, 4 जुलाई , 2025
03

एक नजर में

## झीणेश्वर महादेव धाम पर समिति की बैठक , व्यवस्था पर हुई चर्चा



**सरदारपुर।** अभी श्रावण मास में समय है, लेकिन आने-जाने वाले भक्तो की सुविधाओं के मद्देनजर कुमारपाट - सरदारपुर झीणेश्वर धाम समिति द्वारा बुधवार को मन्दिर परिसर पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति वालो की लम्बी चर्चा हुई। जिसमें महादेव स्थल मार्ग पर पुलिया रैलिंग को व्यवस्थित किया जाए, ताकि आने वाले भक्तजनों को परेशानी का सामना ना करना पडे। साफ-सफाई सुचारू रूप से रखी जाए और की जाए जैसे मूलभूत सुविधा पर जोर दिया गया। गौरतलब है कि श्रावण मास में सरदारपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध और पांडव कालिन झीणेश्वर महादेव धाम पर भक्तजन भारी संख्या में दर्शन आशिर्वाद लेने पहुंचते हैं। इसके अलावा इस क्षेत्र के जगह-जगह से कावड यात्रीजनो द्वारा महादेव का जलाभिषेक किया जाता आ रहा है।

## शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के 22 वें स्थापना वर्ष पर मांडल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित



**सरदारपुर।** भोपावर मार्ग पर स्थित शासकीय मांडल स्कूल में बुधवार को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के 22 वे स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में संस्था में शिक्षा संस्कृति उत्थान पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की सूत्रधार डॉक्टर सुनीता बेले थी कक्षा 11वी, और 12 वी के विद्यार्थियों को माँ मातृभाषा मातृभूमि पर जानकारी देकर समझाया गया। उक्त विषय एवं शिक्षा का भारतीय करण विषय पर शिक्षक जितेंद्र रावत, सुरेंद्र टैगोर, दिलीप परमार ,शिवानी नामदेव, डॉ सुनीता बेले एवं प्रतिमा सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। इस आयोजन के तहत शासकीय मॉडल संस्था विद्यालय परिवार उपस्थित था। कार्यक्रम का संचालन प्रतिमा सिंह ने किया।

## नवनिर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को भाजपा धार ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने शुभकामनाएं दी



**मनावर** - भारतीय जनता पार्टी धार ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने मध्य प्रदेश भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हेमंत खंडेलवालसे प्रदेश भाजपा कार्यालय भोपाल में मुलाकात कर नवीन प्रदेश अध्यक्ष दायित्व हेतु बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की । भाजपा धार ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल जी की कुशल संगठन आत्मक्षमता और प्रभावी कार्यशैली से भाजपा संगठन निश्चित रूप से नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे यहां धार जिला ग्रामीण कार्यालय मनावर पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति पर भाजपा धार ग्रामीण जिले के सभी मंडल केंद्रो पर आतिशबाजी कर जस्न मनाया गया।

मप्र में पार्टी का卐संगठन पर्व卐 सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर धार ग्रामीण जिले एवं प्रदेश के दायित्ववान अपेक्षित कार्यकर्ता भोपाल कार्यक्रम में पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा पश्चात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को भारतीय जनता पार्टी धार जिला ग्रामीण अध्यक्ष चंचल पाटीदार प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ राज बरफा,वरिष्ठ विनोद शर्मा आदि कार्यकर्ता संगठन पर्व भोपाल में सम्मिलित होकर बधाई शुभकामनाएं दी...

## 6 जुलाई को मोहर्रम पर संपूर्ण धार जिले की समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा के क्रय-विक्रय प्रतिबंधित रहेगा

**धार,** तीन जुलाई 2025। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रिंयक मिश्रा ने मोहर्रम, 6 जुलाई-2025, दिन रविवार को कानून एवं व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए संपूर्ण धार जिले की समस्त देशी एवं विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकाने तथा समस्त एफएल-3 (होटल बार) तथा रिटेल वाईन आऊटलेट्स लायसेंसों को लोकहित में अंद रखे जाने हेतु आदेशित किया है तथा इस अवधि में मदिरा के क्रय-विक्रय प्रतिबंधित किए जाने का आदेश जारी किया है। उक्त आदेश का पालन कडाई से किया जाना सुनिश्चित किया है।

## सोहनलाल परमार को सेवानिवृति पर दी विदाई

**देपालपुर.** शासकीय सेवा में कार्यरत रहते हुवे शिक्षकों की समस्याओं को हल करवाने के लिए सोहनलाल परमार जहां सतत संघर्ष शील रहे वही सेवाभारती के माध्यम से आम जन के जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ पर वनवासी बालिका छात्रावास के लिए राशि एकत्र करने की अभिनव पहल की है जो सराहनीय है. उक्त उदगार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत संघ चालक प्रकाश शास्त्री ने शासकीय उन्नत माध्यमिक विद्यालय देपालपुर के प्रभारी प्रधानपाठक, सेवा भारती के कार्यकर्ता, शिक्षक पेडी के डायरेक्टर सोहनलाल परमार के शासकीय सेवा की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत होने के अवसर पर मोदी मांगलिक भवन देपालपुर में मिलन समारोह को संबोधित करते हुवे कहे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मनोज पटेल थे. मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत संघ चालक प्रकाश शास्त्री थे. इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य रूपसिंह नागर, बाल संरक्षण आयोग सदस्य ( राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) सोनम निनामा, जॉइंट डायरेक्टर विधि प्रकोष्ठ लोक शिक्षण संभाग इंदौर विकाश जोशी , दर्जी समाज कड़छा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल चौहान,महामंडलेश्वर भगवान दास जी, श्री चौबीस अवतार मंदिर के पुजारी राजेंद्र शर्मा शास्त्री, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि गुमानसिंह पंवार, देपालपुर नगर परिषद अध्यक्ष अनीता महेश पूरी, उपाध्यक्ष गोपाल कटेसरिया, शिक्षक सहकारी पेडी के अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी इंदौर राजेंद्र मकवानी पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी देवास हीरालाल खुशाल, बालाराम सेन अतिथि के रूप में थे।अतिथियों का स्वागत विकाश परमार, विशाल परमार व मयंक परमार ने किया, संचालन शिक्षक अनिल सोलंकी ने किया.

# पत्थरबाजों को टाण्डा पुलिस ने किया गिरफ्तार, जो कई राज्यों से थे फरार

**टाण्डा के दो मामलो मे एवं इंदौर ,बडवानी महाराष्ट्र से भी अपराधी फरार थे**

**इंदौर से चोरी की गई एक बुलेट मोटरसाइकिल को जब्त किया**



**टांडा** नि प्र . पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक धार मनोज कुमार* के निर्देशन में संपत्ति संबंधी अपराधों को धर पकड़ के लिए निर्देशित किया था, इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार एवं एसडीओपी कुक्षी के मार्गदर्शन में थाना मे पुर्व मे *नरवाली , बोरी रोड पर हुई पत्थर बाजी की घटना में फरार आरोपीयो की धर पकड़ हेतु निरीक्षक संजय कुमार रावत थाना प्रभारी के द्वारा थाना में टीम गठित कर थाना टांडा के दो अपराध क्रमाक 69/2025,70/2025 धारा 126(2),296,115(2),324(4 ) बीएनएस मे फरार आरोपी *1.मुनेश पिता हेमतसिह चोहान उम्र 19 साल निवासी पिपलदलिया 2.विजय पिता बुलुर भाबर उम्र 20 साल निवासी खनिआंबा 3.आलम पिता सुरसिह भुरिया उम्र 40 साल निवासी गुराडिया* को गिरफ्तारी किया जिनसे सघनता से पुछताछ की तो पकडाये आरोपीयो से थाना नागलबाडी जिला बडवानी* मे चोरी करना बताया और आरोपीयो से इदोर से चोरी हुई बुलेट मोटर सायकल भी जप्त की आरोपी इंदोर बडवानी एवं महाराष्ट , पुणे से भी फरार थे

आरोपियों के विरुद्ध पंजीबद्द अपराध- 1. आरोपी मुनेश थाना तेजाजीनगर जिला इंदौर के अपराध क्रमाक 29/2025 धारा 331(4),305( ) बीएनएस फरार था

2. आरोपी मुनेश थाना किशनकंज इंदौर के अपराध क्रमाक 209/2025 धारा 303(2) बीएनएस मे फरार था . 3. आरोपी मुनेश थाना नागलवाडी जिला बडवानी के अपराध क्रमाक 43/2025 धारा 331(4),305( ) बीएनएस मे फरार था 4.आरोपी आलम महाराष्ट राज्य के थाना पोलिस स्टेशन खेड ग्रामीण, जिला पुणे राज्य महाराष्ट के अपराध क्र. 165/2025 धारा 331(30 , 331(4) , 305(ए) बीएनएस मे आरोपी फरार था उपरोक्त आरोपीयों की गिरफ्तारी के संबंध में अग्रिम कार्यवाही हेतु संबंधीत थानों को पृथक-02 सूचना दी गई है उक्त बदमाशों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार रावत थाना टाण्डा, भूपेंद्र ,योगेन्द्र सुनिल पंवार, निलेश, विनोद, सिध्दार्थ एवं सुनिल खराड़े एवं सबहादुरसिंह सराहनीय भूमिका रही है ।

# स्कूल में आया 10 फीट लंबा अजगर

## किचन में गैस टंकी के पीछे बैठा था महिलाएं डर कर भागी

***रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा***



**बाग—नगर** की शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार सुबह 10 बजे मिड डे मील की तैयारी के दौरान स्कूल के किचन में एक अजगर दिखाई दिया।किचन में काम कर रहीं ललिता और सोना बाई ने जब गैस टंकी के पीछे अजगर को देखा तो वे डर के मारे चीखती हुई बाहर भाग गईं। स्कूल कर्मचारी अखिलेश भारद्वाज ने तुरंत वन्यजीव प्रेमी विनोद पंवार को सूचना दी।

विनोद पंवार ने मौके पर पहुंचकर अजगर का सफल रेस्क्यू किया। अजगर करीब 9 से 10 फीट लंबा था और उसका वजन लगभग 10 किलो था। जांच में पता चला कि किचन के दरवाजे के नीचे बड़ी गैप होने की वजह से अजगर अंदर घुस गया था।

रेस्क्यू के बाद विनोद पंवार ने अजगर को सुरक्षित तरीके से पास के जंगल में छोड़ दिया। घटना के समय स्कूल में मिडिल कक्षाएं चल रही थीं। पूर्व में भी पंवार कही जहरीले सांप पकड़ चुके है । सांप एक एसा नाम हे जिसका नाम सुनकर हि हर किसी कि रुह कांप जाती है ओर धड़कन तेज हो जाति है । मगर उसी जहरीले साप को पकडने का ये हूनर विनोद पंवार को है जौ चुटकी मे साप पकड़ उसे अपने कब्जे में कर लेते है बहुत कम लोगौ कौ यै हूनर होता है । पंवार बताते है कि मे जब छोटा था तब मुझे साप को देखने मे बहुत डर लगता था । मगर अब उसे कोई घर से पकडता हु तो इतना डर नहीं लगता अब जब किसी मकान दुकान या अन्य जगह जब साप निकलता हे मुझे बुलाया जाता है मे जाकर उसे पकड़कर जंगल मे सुरक्षित छोड देता हू । आजकल तो उसे पकडने के साधन भी निकल गया हे मगर मे अधिकतर लकड़ी के सहारे से उसे पकडता हू । ओर निशुल्क ये कार्य किया जाता हे मेरे द्वारा । दौ तीन जाति के सांप खतरनाक ज्यादा होते है ।



## संयुक्त मासिक बैठक संपन्न

**मनावर।** नगर में मंगलवार को वरिष्ठ हिंदू नागरिक महासंघ (सीनियर सिटीजन) व नरेंद्र मोदी विचार मंच पदाधिकारियों के तत्वावधान में संयुक्त मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी सदस्यों के साथ महिलाएं भी उपस्थित रही, जिससे आयोजन का स्वरूप अधिक पारिवारिक, सशक्त और प्रेरणादायक बन गया।

बैठक में संगठन के सभी सदस्यों ने नगर के समग्र विकास को लेकर गहन मंथन किया और समस्याओं के समाधान के लिए अपने-अपने सार्थक सुझाव प्रस्तुत किए। महासंघ के अध्यक्ष विजय गंगवाल ने कहा कि 卐नगर का समुचित विकास हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि हम जागरूक नागरिकों के रूप में एकजुट होकर प्रशासन के साथ सहयोग करें, तो नगर की कई समस्याओं का समाधान संभव है। सचिव जयप्रकाश सेन ने सुझाव दिया कि 卐नगर पालिका के माध्यम से पेयजल, स?क, स्वच्छता और यातायात जैसे मुद्दों पर ठोस कार्ययोजना बनाकर नागरिकों को राहत दी जा सकती है। हमें संवाद और सुझाव दोनों स्तरों पर सक्रिय रहना होगा।卐 मीडिया प्रभारी कैलाश मुकाती वीआईपी ने जोर देकर कहा कि 卐समाज की सक्रियता ही प्रशासन को सजग बनाती है। वरिष्ठ नागरिकों की भूमिका मार्गदर्शक की होती है, अत: हमें जिम्मेदारी के साथ अपने सुझावों को ठोस कार्रवाई में बदलवाना होगा। मीडिया के माध्यम से हम जनसमस्याओं को प्रभावी ढंग से उजागर कर सकते हैं, साथ ही कहा कि नरेंद्र मोदीजी के विकास कार्यों को जन-जन तक पहचाने में अहम भूमिका निभाई जाएंगी।卐 अन्य सदस्यों ने भी नगर की स?कों की जर्जर स्थिति, मवेशियों की समस्या, सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई और स्वास्थ्य सुविधाओं पर विचार व्यक्त किए। साथ ही तय किया गया कि महासंघ शीघ्र ही नगर पालिका को ज्ञापन सौंपेगा और नागरिकों को साथ लेकर नरेंद्र मोदी विचार मंच व सीनियर सिटीजन ग्रुप के माध्यम से नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों को भी जन-जागरूकता अभियान के तहत चलाया जाएगा। बैठक में मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को भावनात्मक बल प्रदान किया।

बैठक में विजय गंगवाल, रामेश्वर पाटीदार, बाबू पाटीदार, विपिन गंगवाल, रामेश्वर पाटीदार, देव पाटीदार, बुद्धा पाटीदार, आरसी जैन, जयप्रकाश सेन, लालजी कसेरा, टीकाराम राय, अजय गुप्ता, कैलाश शर्मा, शांतिलाल अजमेरा, सुखदेव पाटीदार, सुरेश पाटीदार, देवदास देवला, कपिल उपाध्याय, सुभाष भावसार, भाना पंवार, डा. सुरेश पाटीदार, बाबू हलवाई, भाना सोलंकी, महेन्द्र पाटनी, पवन मित्तल, सुनील अजमेरा, हरिराम पाटीदार, संतोष मुकाती, जय प्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रदेश मीडिया प्रभारी व सीनियर सिटीजन महासंघ के स्थानीय मीडिया प्रभारी कैलाश मुकाती वीआईपी ने दी।

## आदिवासी बेटी नंदिनी मेहरा मिस एस्टोनिशिंग एमपी की फर्स्ट रनरअप बनीं

***प्रदेशभर में बिखेरी प्रतिभा की चमक, फैशन की दुनिया में मचाई धूम***



**मांडू ।** आदिवासी ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर एक बेटी ने प्रदेशभर की प्रतिभाओं के बीच अपनी चमक बिखेरी है। जहां एक ओर फैशन की दुनिया में महानगरों की लड़कियों का बोलबाला होता है, वहीं आदिवासी समाज की इस होनहार बेटी ने अपने आत्मविश्वास, प्रतिभा और मेहनत से मिस एस्टोनिशिंग मध्यप्रदेश का प्रथम रनरअप खिताब अपने नाम कर आदिवासी समाज के साथ ही पूरे प्रदेश का नाम रौशन कर दिया है। धार जिले की रहने वाली नंदिनी मेहरा ने प्रदेशस्तरीय फैशन शो में अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा। ड्रीम स्काइप होम प्रोडक्शन हाउस मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित फैशन शो में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभाशाली बच्चों ने भाग लिया। इस आयोजन के लिए पहले ऑडिशन आयोजित किए गए थे, जिसमें नंदिनी का चयन हुआ। फाइनल राउंड तक पहुंची नंदिनी ने पूरे आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी प्रस्तुति दी और मिस एस्टोनिशिंग एमपी के खिताब की फस्ट रनरअप बनीं। नंदिनी को मिस एस्टोनिशिंग मध्यप्रदेश के खिताब से नवाजा गया। धार की बेटी एक नई दिशा का प्रतीक बनकर उभरी है

## सेक्टर प्रबंधन दल का जिला स्तर पर प्रशिक्षण 9 जुलाई को

**धार,** तीन जुलाई 2025। म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्द्ध) अन्तर्गत नवीन निर्वाचन प्रक्रिया 'पेपरलेस' के माध्यम से सरपंच पद के निर्वाचन ई.व्ही.एम. से एवं पंच पद के निर्वाचन मतपेटी के माध्यम से सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्वाचन कार्यकम जारी किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रियंक मिश्रा द्वारा उक्त निर्वाचन के सफल संचालन हेतु एवं निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा निर्देशानुसार जनपद पंचायत धार, नालछा, तिरला, बदनवार, मनावर, गंधवानी, डही एवं बाग के लिये एकीकृत सेक्टर पर्यवेक्षण और प्रबंधन दल मैनेजमेंट सिस्टम की नियुक्ति की गई है।

नियुक्त सेक्टर प्रबंधन दल का जिला स्तर पर प्रशिक्षण 9 जुलाई को ई-दक्ष केन्द्र धार में दिया जावेगा। सेक्टर ऑफिसर अपने आवंटित क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तथा मतदान दलों से सतत संपर्क कर शांतिपूर्ण निर्वाचन तथा कानून व्यवस्था बनाई रखी जाना सुनिश्चित किया है।

## पंचायत उप निर्वाचन के लिए मतदान 22 जुलाई को

**निर्वाचन कार्यक्रम घोषित**

**धार,।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2025 के लिये निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। मतदान 22 जुलाई को होगा।

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने बताया है कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन तथा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य एक जुलाई से प्रारंभ हो गया है। नाम निर्देशन पत्र 8 जुलाई तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन पत्रों की जांच 9 जुलाई को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 11 जुलाई है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जायेगा। मतदान 22 जुलाई को सुबह से 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा।

पंच पद के लिये मतदान केन्द्र पर ही मतदान समाप्ति के तुरंत बाद 22 जुलाई को ही मतगणना होगी। सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य की विकासखंड मुख्यालय पर मतगणना होगी एवं परिणाम की घोषणा 26 जुलाई को सुबह 8 बजे से होगी।

## जिला स्तरीय स्टेण्डिग कमेटी की बैठक आज

**धार**, तीन जुलाई 2025। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2025 के लिये निर्वाचन की घोषणा के साथ ही धार जिले की जनपद पंचायत धार, नालछा, तिरला, बदनवार, मनावर, गंधवानी, डही एवं बाग के संबंधित निर्वाचन क्षेत्र, वार्ड में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन कार्यक्रम अंतर्गत कार्यवाहियों के संबंध में 4 जुलाई को दोपहर 12 बजे कार्यालय स्थानीय निर्वाचन धार में स्टेण्डिंग कमेटी की बैठक आयोजित की जाएगी।

एक नजर

**धार में संचालित निजी विद्यालयों में प्रचलित प्राईवेट/निजी प्रकाशनों द्वारा प्रकाशित किताबों के प्रचलन हेतु निरीक्षण किया**

# धार नगर में निजी स्कूलों की किताबों का निरीक्षण किया





**धार,** तीन जुलाई 2025। म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल आदेशानुसार एवं कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के मार्गदर्शन में गठित विकासखण्ड स्तरीय जांच दल समिति द्वारा बुधवार को नगर के विभिन्न निजी विद्यालयों यथा कैम्ब्रिज एकेडमी हायर सेकेण्डरी, स्कूल धार, पौद्वार लर्न स्कूल, धार तथा सिटी इंटरनेशनल स्कूल धार में रैण्डमली औचक निरीक्षण किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धार रोशनी पाटीदार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कैम्ब्रिज एकेडमी हायर सेकेण्डरी विद्यालय धार में कक्षा 3री एवं 7वीं में कुल 4 प्राईवेट पब्लिशर्स की 7 किताबे प्रचलित होना ज्ञात हुई। पौद्वार लर्न स्कुल धार में संस्कृत विषय के अन्य समस्त कक्षाओं यथा कक्षा नर्सरी से कक्षा 7वीं तक प्राईवेट पब्लिशर्स की ही किताबे प्रचलित होना ज्ञात हुई। इसी प्रकार सिटी इंटरनेशनल स्कूल धार में कक्षा पहली, दुसरी एवं आठवी में क्रमश: 36, 36 एवं 66 बुक्स प्रचलित होना ज्ञात हुई, जिनमें समस्त पुस्तके प्राईवेट पब्लिशर्स की ही प्रचलित होना ज्ञात हुआ हैं। उक्त विद्यालयों में नियम विरूद्ध प्राईवेट पब्लिशर्स की पुस्तकें संचालित की जा रही हैं।

कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार विकासखण्ड स्तरीय जांच दल समिति द्वारा निरीक्षण में पाई गई अनियमितताओं पर संबंधितों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने हेतु वरिष्ठ कार्यालय को जांच प्रतिवेदन प्रेषित किया गया।